# सहजनवां में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ

सहजनवां (गोरखपुर)। शहीद रवींद्र सिंह एवं भारत भीम स्व. जनार्दन सिंह की स्मृति में बहुप्रतीक्षित राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का शनिवार को मुरारी इंटर कॉलेज, सहजनवां में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 1000 महिला एवं पुरुष पहलवान प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी एवं पूर्व विधायक गौरी देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सहजनवां प्रदीप शुक्ला, नगर पंचायत सहजनवां की चेयरमैन संजू सिंह,



विधायक सहजनवां शीतल पांडेय, पूर्व विधायक बस्ती राजमणि पांडेय, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक ब्लॉक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रमापति राम त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास,

**◆प्रदेशभर के पहलवानों ने दिखाया दमखम**

शारीरिक दक्षता और खेल भावना का विकास करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच देने की है। सहजनवां में इतने बड़े स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि कुश्ती हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण, छोटे शहरों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

उन्होंने सभी पहलवानों को शुभकामनाएं दीं। आयोजक आदित्य प्रताप सिंह 'आगू' ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 1000 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# भरत मिलाप और राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। बेलघाट क्षेत्र के श्री श्री रामलीला समिति शाहपुर द्वारा भरत मिलाप और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का भव्य मंचन किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष की रामलीला का विधिवत समापन हो गया। रामलीला मंचन के बाद राम, लक्ष्मण, माता जानकी और महावीर हनुमान का सुसज्जित जुलूस रामलीला स्थल से निकाला गया। यह जुलूस पूरे शाहपुर ग्राम सभा का भ्रमण करते हुए जिगनिया, मठ रामगिरि तक गया और वहां से वापस लौटकर रामलीला स्थल पर आकर समाप्त हुआ। जुलूस को जगह-जगह रोककर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण,



**◆गूंजे जय श्री राम के जयकारे**

माता सीता और हनुमान जी की आरती उतारी गई। जुलूस में वायुनंदन मिश्रा,मदनमोहन पांडेय, दीपेन्द्र पांडेय, श्यामनंदन मिश्र, दीपक भट्ट, अमित सिंह, राजन वर्मा, दुर्गा चौहान, रिसू सिंह, संदीप, श्रवण बेलदार, जयसिंह चौहान, पवन वर्मा, नंदलाल यादव, सत्यवान चौहान, दीपक पटवा, दिलीप कसौधन, हरिकेश यादव, भोला वर्मा, मोती लाल सहित सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे। एस आई विनय कुमार व एस आई विवेक कुमार अवस्थी के नेतृत्व में कांस्टेबल अमित कुमार खैरवार, साहब लाल, अजीत राय अनुराग सूरज कुमार टिंकू कुमार महिला कांस्टेबल मधु व अर्पिता जुलूस के दौरान मुस्तैदी से डटी रही और शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस को संपन्न कराया।

# समाधान दिवस पर 16 मामले में निस्तारण रहा शून्य

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारीनिरीक्षक सीपी पांडेय की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 16 मामले सामने आए। जिनमें अधिकांश राजस्व से संबंधित थे। हालांकि, एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।



मामलों का निस्तारण नहीं होने का प्रमुख कारण लेखपालों की अनुपस्थिति रही। दरअसल, एस के लिए चल रहे अभियान में लेखपालों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई है। इसके चलते राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक पृथ्वीनाथ गुप्ता, इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार यादव, लेखपाल अजय पाठक अवधेश लाल श्रीवास्तव आईआर अभियान के तहत मतदाता सूची में छूटे नामों को दोबारा जोड़ने उमेशकुमार, आशीष तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# धान खरीद में अनियमितता की शिकायत,डीएम को शपथपत्र देकर जांच की मांग

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां विकासखंड के जगदीशपुर स्थित धान क्रय केंद्र पर बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में धान खरीद में अनियमितता की आशंका जताते हुए शनिवार को जिलाधिकारी को शपथपत्र देकर जांच की मांग की गई है। कटया ग्राम पंचायत के प्रधान प्रशासक सुशील सिंह ने आरोप लगाया है कि केंद्र पर 201 किसानों के नाम पर हुई खरीद में 100 से अधिक किसान फर्जी हैं। उन्होंने फर्जी किसानों की सूची भी जिलाधिकारी को सौंपी है। शपथपत्र के अनुसार, सहकारी संघ लिमिटेड,

**◆सहजनवां ब्लॉक के कटया के प्रधान प्रशासक ने जगदीशपुर समिति के सचिव पर 100 से अधिक किसानों से फर्जी खरीद का लगाया आरोप**

जगदीशपुर स्थित धान क्रय केंद्र पर सचिव अविनेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से धान की खरीद की गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खरीद सूची में शामिल कई किसानों के पास कृषि भूमि नहीं है या बहुत कम भूमि है, ऐसे में उनके नाम पर खरीद दर्ज किए जाने की जांच कराई जाए। शिकायत में केंद्र के संचालन को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि सचिव के चाचा रवि प्रताप सिंह द्वारा केंद्र का संचालन किया जा रहा है। प्रार्थनापत्र में कहा गया है कि रवि प्रताप सिंह जब हरपुर साधन सहकारी समिति पर सचिव थे, तब धान घोटाले में जेल जा चुके हैं और अभी भी उन पर मुकदमा चल रहा है। प्रधान प्रशासक ने जिलाधिकारी से किसानों के भूमि अभिलेखों, धान खरीद के दस्तावेजों और भुगतान संबंधी विवरणों का सत्यापन कराने की मांग की है और कहा है कि जांच में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# ट्रेलर की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

गोलाबाजार(गोरखपुर)। गोपालपुर चौराहे के पास शुक्रवार देर शाम ट्रेलर की चपेट में आने से हटवा दूबे पूरा गांव निवासी 55 वर्षीय राजेश दूबे पुत्र स्व. दिनेश दूबे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके पैर और सिर में चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी गोला पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, लोगों ने ट्रेलर और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

प्राप्त विवरण के अनुसार, राजेश दूबे गोपालपुर चौराहे पर वाहनों के शॉकर रिपेयरिंग का काम करते हैं। शुक्रवार देर शाम दुकान बंद कर वह अपने घर हटवा दूबे पूरा जा रहे थे। गांव से कुछ



ही दूरी पर रामजानकी मार्ग पर उरुवा की तरफ से आ रहा एक ट्रेलर अचानक सामने आए बछड़े को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया। इस दौरान ट्रेलर का पहिया राजेश दूबे के पैर पर चढ़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से

**◆बछड़े को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुआ ट्रेलर, जिला अस्पताल रेफर, चालक पुलिस के हवाले ◆राम जानकी मार्ग पर ब्रेकर न होने से बढ़ चुकी है घटनाएं**

घायल हो गए। गनीमत रही कि वह ट्रेलर के अन्य पहियों की चपेट में नहीं आए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी और घायल को सीएचसी गोला पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल स्थित नाजुक देख मेडिकल रेफर कर दिया। सूत्रों से ज्ञात हुआ कि खून का रिसाव बंद न होने लखनऊ रेफर कर दिया गया। सनद रहे कि राम जानकी मार्ग पर विभाग द्वारा सड़क पर ब्रेकर न होने से छोटे बड़े वाहन धड़ल्ले के साथ चल रहे है। जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने शासन एवं प्रशासन से मांग किया है कि सड़क पर ब्रेकर बनाया जाय। जिससे प्रतिदिन हो रही घटनाओं से निजाद मिल सके।

# एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के बूथों का किया निरीक्षण

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां तहसील क्षेत्र में चल रहे मतदाता पुन रीक्षण कार्य के तहत एसडीएम नमन मेहता ने शनिवार को कई बूथों का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के दक्षिणी कोलिया, बेलहर, लुचुई सहित अनेक बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि जेंडर



रेशियो पर विशेष ध्यान दिया जाए और अधिक से अधिक नए मतदाताओं का फॉर्म-6 भरवाया जाए। उन्होंने 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का मतदाता पंजीकरण प्राथमिकता से कराने और डोर-टू-डोर सर्वे कर सभी पात्र मत दाताओं को सूची में शामिल कराने के निर्देश भी दिए।

# थाना समाधान दिवस पर तीन मामलों का निस्तारण

सहजनवां (गोरखपुर)। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्र के तीनों थानों में कुल 13 मामले आए, जिनमें से 3 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। हरपुर बुदहट थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी नमन मेहता ने की। इस दौरान 5 मामले आए। जो सभी राजस्व से संबंधित थे। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सहजनवां थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार चंद्र शेखर वर्मा ने की। यहां भी राजस्व से संबंधित 5 मामले आए। जिनका निस्तारण नहीं हो सका। वहीं गीडा थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार राम सूरज ने की। यहां पुलिस से संबंधित 3 मामले आए। जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष संजय कु. मिश्र, थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक सहित राजस्व कर्मी और पुलिस के जवान मौजूद रहे।

**मन्नूलाल दिलीप कुमार सर्राफ एवं वस्त्र विक्रेता के नवनिर्मित प्रतिष्ठान का शुभारम्भ कल**

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगर स्थित ब्रह्मस्थान के समीप नव निर्मित मन्नू लाल दिलीप कुमार सर्राफ एवं वस्त्र विक्रेता प्रतिष्ठान का शुभारंभ सोमवार को होना सुनिश्चित है।इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन सुबह दस बजे बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर दिलीप कुमार उमर ने क्षेत्र के सम्मानित जनों से अपील किया है कि उक्त अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर हमें अनुग्रहित करें।

# एसके शर्मा की अगुवाई में अयोध्या दर्शन को रवाना हुई पांच सौ मातृशक्तियां

चौरीचौरा (गोरखपुर)। समाजसेवी एसके शर्मा की अगुवाई में शनिवार को चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र की पांच सौ मातृशक्तियों को श्री अयोध्या धाम दर्शन के लिए रवाना किया गया। सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित इस पहल के तहत महिलाएं प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन करेंगी। समाजसेवी एसके शर्मा ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान, सेवा, जनकल्याण भारतीय संस्कृति की महत्व पूर्ण पहचान है। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम की यात्रा मातृशक्तियों के लिए श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति का विशेष अवसर है। इस तरह के आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और के माध्यम से मातृशक्ति के सम्मान और



आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवा जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयास करना उनका संकल्प है। समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा का कार्यक्रम निर्धारित है। पहुंचाना और लोगों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना उनके प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से सभी मातृ शक्तियों की यात्रा मंगलमय होने की कामना की। उन्होंने कहा कि

**◆ प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन के लिए रवाना हुई धार्मिक यात्रा, आज वापस लौटेंगी महिलाएं**

सभी को प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त हो उनके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहे। शनिवार को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई पांच सौ मातृशक्तियों की कल रविवार को वापसी

# निबंध में श्रेया रंजन रही अव्वल,बैडमिंटन में रोहित और शीतल ने लहराया परचम

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगलधूसड़ में आयोजित सप्तदिवसीय वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को हिंदी निबंध, बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साहित्यिक अभिव्यक्ति,खेल कौशल से जुड़ी इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का परिचय दिया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणामों में बीएड प्रथम सेमेस्टर की श्रेया रंजन ने प्रथम स्थान



प्राप्त किया। बीए पंचम सेमेस्टर की सुजीता यादव द्वितीय तथा बीए प्रथम सेमेस्टर की साक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बीएड विभाग के सहायक आचार्य जितेंद्र प्रजापति एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डा. आरती सिंह शामिल रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डा.हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया। सह -संयोजक के रूप में बीएड विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह ने दायित्व निभाया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बीएससी पंचम सेमेस्टर के रोहित कुमार विजेता बने, जबकि बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के हिमांशु पाण्डेय उपविजेता रहे। फाइनल मुकाबले में रोहित कु.ने हिमांशु पाण्डेय को 11-8 से पराजित किया। वहीं, बालिका वर्ग में बीए तृतीय सेमेस्टर की शीतल ने विजय प्राप्त की। उन्होंने फाइनल मुकाबले में परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की आरती को 11-10 से पराजित किया। बैड मिंटन प्रतियोगिता के संयोजक राजनीति विज्ञान विभाग

**◆महाराणा प्रताप महाविद्यालय में साहित्य और खेल प्रतियोगिताओं से सजा वार्षिक महोत्सव का दूसरा दिन**

अध्यक्ष हरिकेश यादव रहे। निर्णायक मंडल में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. नंदन शर्मा एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अखिलेश कु. गुप्ता शामिल रहे।

# सीओ गीडा ने होटलों का किया निरीक्षण,दिए सख्त निर्देश

सहजनवां (गोरखपुर)। शनिवार को सीओ गीडा आभा सिंह ने गीडा सेक्टर-22 स्थित करीब आधा दर्जन होटलों का निरीक्षण कर संचालकों को सख्त निर्देश दिए। सीओ ने सेक्टर-22 स्थित एसआर, हैप्पी ग्रैंड, साइन ग्रैंड, कृष्णा पैलेस और अवध पैलेस होटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिले सभी कपल वयस्क पाए गए और सभी की आईडी के साथ नाम रजिस्टर में दर्ज मिला। होटल संचालकों से कागजात भी मांगे गए। जिन संचालकों के पास कागजात नहीं मिले, उन्हें निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द कागजात पूरे कर लें। भविष्य में रूटीन चेकिंग के दौरान कागजात न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि यदि कोई होटल संचालक नाबालिग कपल को कमरा बुक करता पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# विधायक महेंद्र पाल सिंह ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया

भटहट (गोरखपुर)। पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह शनिवार शाम गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल



अयोध्या प्रसाद गांव के चौहान टोला पहुंचे। रजही चौराहे पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चौहान टोला निवासी लक्की चौहान, विक्की चौहान और चंदन चौहान की मौत हो गई थी। विधायक ने मृतकों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने लक्की और विक्की चौहान के पिता शिव चौहान तथा चंदन चौहान के पिता और बूथ अध्यक्ष केदार चौहान के घर जाकर उन्हें सांत्वना दी। महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि तीन युवा जिंदगियों का इस तरह चले जाना दुखद है। उन्होंने परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं जताईं।

**मकान के सामने खड़ी बाइक चोरी,केस दर्ज**

सहजनवां (गोरखपुर)। थाना महुली जिला संतकबीरनगर के मुख्तिसपुर निवासी चंद्रशेखर पुत्र गंगा सागर 21 अक्टूबर को रात्रि में 9.30 बजे के करीब गीडा से काम कर सहजनवा थाना क्षेत्र के पिपरा स्थित किराए के मकान पर पहुंचा और बाइक खड़ी कर कमरे में चला गया। सुबह देखा बाइक गायब थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में 1657 लोगों ने भरा फॉर्म-6

चौरीचौरा (गोरखपुर) चौरीचौरा विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार, 24 अक्टूबर को चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए आवेदन भरवाए गए। अभियान के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र प्रविष्टियों को हटाने और मतदाता विवरण में संशोधन के लिए लोगों ने निर्धारित प्रारूप में आवेदन किया। एसडीएम रवि कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के 1657, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 के 239 और मतदाता सूची में नाम, पता सहित अन्य विवरणों में सुधार के लिए फॉर्म-8 के 173 आवेदन प्राप्त हुए। मतदाता सूची को



अधिक शुद्ध और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने तथा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को नियमानुसार ठीक करने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के 212 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 403 मतदेय स्थलों पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान संचालित किया गया। अभियान को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए 403 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और 44 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा अभियान की निगरानी

**◆ चौरीचौरा विधान सभा के 403 मतदेय स्थलों पर चला विशेष अभियान**

के लिए पांच सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य पुनरीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम शामिल करना, अपात्र नामों को नियमानुसार हटाना और विवरण संबंधी त्रुटियों को दूर करना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

**छात्रा को भगा ले जाने के आरोप में युवक पर केस दर्ज**

चौरीचौरा (गोरखपुर)। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश में जुटी है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेटी क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ती है। वह इसी थानाक्षेत्र के अपनी एक सहेली के साथ कॉलेज आती-जाती थी। इसी वजह से मेरी बेटी का उसकी सहेली के घर भी आना-जाना था। उसकी सहेली के घर उसकी मौसी का लड़का मनोज भारती रहता है, जो कुशीनगर जनपद के हाटा का निवासी है। आरोप है कि 17 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 12 बजे मनोज उनकी बेटी को अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने मनोज को बेटी को परेशान नहीं करने की हिदायत भी दी थी। पीड़ित ने पुलिस से बेटी को वापस दिलाने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क निर्माण में बाधा बनी दिवाल गिरी,निर्माण कार्य जारी

चौरीचौरा (गोरखपुर)। शहीद स्मारक-गौनर मार्ग के निर्माण में बाधा बनी दीवार को प्रशासनिक अधिकारियों, नगर अध्यक्ष और पक्षों की मौजूदगी में शनिवार को तीन जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर दिया गया। सड़क निर्माण को लेकर दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति के बाद दीवार को ध्वस्त किया गया है। अब यह इस सड़क के निर्माण में अवरोध बनी दीवार के गिरने के बाद सड़क का निर्माण तेजी से हो सकेगा।

एसडीएम रवि कुमार सिंह, तहसीलदार संजय सिंह, नगर अध्यक्ष सन्नी जा., पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की उपस्थिति में दिन में लगभग 11 बजे तीन जेसीबी मशीनों से सड़क निर्माण में बाधा बनी दीवार के ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कराया गया। एसडीएम रवि कुमार सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण में जिन भी बैनमादारों की जमीन पड़ रही है उनको शहरी सर्किल रेट के हिसाब से दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए तहसील प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग आगणन तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर संबंधित बैनामाधारकों को उनकी जमीन का मुआवजा उनके खातों में भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में बाधा बनी दीवार और अन्य जमीनों से अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित पक्षों की सहमति बनने के बाद इस कार्रवाई को शुरू कराया गया और दीवार को ध्वस्त करने के साथ अन्य अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। आगामी एक नवंबर को मुख्यमंत्री द्वारा भोपा बाजार रेलवे क्रासिंग के समपार फाटक संख्या 147बी पर बने ओवरब्रिज के उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए तहसील



**◆अधिकारियों की उपस्थिति में तीन जेसीबी मशीनों ने दीवार को किया जमींदोज◆बैनामाधारकों को सर्किल रेट से दोगुना मिलेगा मुआवजा**

मिल के प्रो. विकेश गर्ग अन्य पक्षों से एडीएम प्रशासन, एसडीएम और नगर अध्यक्ष से हुई वार्ता के बाद दीवार गिराने अन्य अतिक्रमण को हटाने पर सहमति बनी थी। जिसके बाद दोनों विभागों की उपस्थिति में शनिवार को दीवार गिराने अन्य अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई। सड़क निर्माण में बाधा बनी दीवार अन्य अतिक्रमण के हटने के बाद शहीद स्मारक से होकर गौनर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण में अब तेजी आएगी। रेलवे से एनओसी मिलने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं के दूर होने से सड़क निर्माण के जल्द पूरा होने की उम्मीद है। अतिक्रमण हटाने के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरविंद सिंह, एई वत्सल श्रीवास्तव, अवर अभियंता मदन भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**अधेड़ को बाइक से ठोकर मारने के बाद दी धमकी,केस दर्ज**

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के सीहापार दक्षिणी टोला निवासी विकास यादव पुत्र राजेश यादव की मां रम्भू देवी 45 वर्ष 22 अक्तूबर को शाम 7 बजे सीहापार हाल्ट के पास दवा लेने जा रही थी। उसी दौरान गांव का एक मनबढ़ अनियंत्रित बाइक चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे वह घायल हो गई। पीड़ित उलाहना देने आरोपी के घर गया तो वह गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भानु लाल यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।